*सादर प्रकाशनार्थ*

रामनगर–<u>स्याहीमुड़ी में सात दिवसीय श्रीमद् भागवद् गीता सम्पन्न</u>

जमनीपाली:01/01/2018–प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व–विद्यालय के तत्वाधान में <u>सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवद् गीता स्याहीमुड़ी</u> में सम्पन्न हुआ। ब्रह्माकुमारी लीना बहन ने भागवद् कथा और ज्ञान यज्ञ का महत्व बतलाते हुए कहा कि यह पापों से मुक्त कर सर्व मनोकामनायें पूर्ण कर स्वर्ग का रास्ता दिखलाने वाली है। मानव मन एक शक्तिशाली शस्त्र है, जो कि कर्मन्द्रियों के बहकावे वा आकर्षण में आने के कारण स्वयं को सर्वशक्तिवान परमात्मा से दूर कर लेता है और यही उसके सर्व दु:खों का कारण है। यह जीवन स्मृति और विस्मृति का खेल है। गीता ज्ञान का अंतिम संदेश यही है कि हे अर्जुन तू देह और देह के बंधनों वा संबंधों से अपना मोह नष्ट कर मेरी शरण में आ जा, तो तुझे परममोक्ष व स्वर्ग की प्राप्ति होगी और तू मेरे धाम में आ जायेगा, जहॉ परम शांति है। मैं मूल रूप से परमधाम का रहने वाला हूँ। परमात्मा कहते हैं कि मैं ही तुम्हारा परम मित्र हूँ और सर्व संबधों से तेरा साथ निभाने वाला हूँ। मेरी याद से ही तुम्हारे सर्व बंधन वा पाप कट जायेंगें। बहन उमा भारती सराफ सदस्य छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग ने कहा कि भागवद् कथा में हम सभी एक परिवार की तरह एक साथ बैठ कर सत्संग का लाभ ले रहें हैं। ब्रह्माकुमारी बहनों के द्वारा नारी शक्ति को एकजुट कर, संगठित रूप में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहन दे रहीं हैं। धर्म के क्षेत्र में यह उनका एक सराहनीय कदम है। भ्राता अजय तिवारी मंडल संयोजक भाजपा दर्री ने कहा कि हर वर्ष हमारे बीच इस तरह से भागवद् का आयोजन संस्था के द्वारा किया जाता है, यह हमारा परम सौभाग्य है। भ्राता ईश्वर साहू अध्यक्ष भाजपा, राज जायसवाल महामंत्री, अधन बाइ कंवर पार्षद, फिरत राम साहू पूर्व पार्षद, अजय यादव, गोपी राठौर, गीताराम साहू, काशीराम जायसवाल, नीलकण्ठ साहू, महारथी राठौर, निधिकुमार राठौर आदि गणमान्य व्यक्तियों ने पूजा अर्चना में अपनी सहभागिता निभाई। कथा के मध्य कृष्ण का जन्म, द्वारिकाधीश का दरबार, सुदामा का अपने मित्र से मिलन वा बच्चों के द्वारा नृत्य आदि कार्यक्रमों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भ्राता नंदलाल साहू, तुलेश्वर साहू, ओंकार साहू, शंकरपुरी गोस्वामी, कमलेश साहू, लक्ष्मीनारायण मौरे, राजकुमार साहू आदि ने भजन की प्रस्तुति की। भ्राता गोपाल साहू और उनके परिवार ने कार्यक्रम के संयोजन में अपनी भूमिका निभाई।

मानवता की सेवा में, ब्रह्माकुमारी रूकमणी